प्रादेशिक समाचार

25.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में 66 विशिष्ट लोगों को वर्ष 2026 के पद्म पुस्कार प्रदान करेंगी। मरणोपरान्त दिशोम गुरू शिबू सोरेन को पदम् भूषण पुरस्कार दिया जाएगा। समारोह में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी उपस्थित रहेंगे। आज दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 58 पद्मश्री अलंकरण दिए जायेंगे।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान देने की घोषणा पर राज्य के राजनीतिक दलों ने गहरी खुशी जताई है। झामुमो नेता मनोज पांडेय ने इसे आदिवासियों और झारखंड की अस्मिता की जीत बताया है।

इधर भाजपा नेताओं ने भी केंद्र सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर गुरुजी के संघर्षों को सराहा है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट परीक्षा में बार–बार हो रही चूक पर गहरी चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पिछले पेपर लीक विवादों से कोई सबक नहीं सीखा है। यह 22 लाख से ज्यादा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से जवाब मांगा है। कोर्ट में दायर याचिकाओं में परीक्षा कराने के लिए किसी अधिक मजबूत और स्वतंत्र संस्था को लाने की मांग की गई है।

****

जमशेदपुर के घाघीडीह सेंट्रल जेल में बंदियों के लिए झारखंड का पहला ओपन जिम बनेगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जगह चुन ली है। जेल अधीक्षक और एडीएम ने इसकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेज दी है। उपायुक्त की मंजूरी मिलते ही काम शुरू होगा। इससे जेल के 1568 बंदियों को फिट रहने में मदद मिलेगी।

****

खूंटी पुलिस ने आगामी बकरीद त्योहार को लेकर कचहरी मैदान में मॉक ड्रिल किया। पुलिस कप्तान ऋषभ गर्ग ने बताया कि शहर में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। जगह–जगह मजिस्ट्रेट, महिला बटालियन और पुलिस बल तैनात रहेंगे। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जाएगी।

****

सिमडेगा के पाकरटांड थाना पुलिस ने साइबर ठगी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने प्रतिबिंब एप के जरिए संदिग्ध मोबाइल नंबर की जांच की थी। एसडीपीओ धर्मदेव पासवान ने बताया कि आरोपी जामताड़ा के ठगों को सिम और एटीएम कार्ड भेजते थे। पुलिस ने इनके पास से एटीएम, सिम, मोबाइल और बाइक बरामद की है।

****

मौसम विभाग ने धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, रामगढ़, रांची, खूंटी और गुमला जिलों में आज वज्रपात की आशंका जताई है। इन इलाकों में गरज के साथ बारिश और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

****

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में चल रही राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन कप प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने नया इतिहास रच दिया है। इस प्रतियोगिता में गुरिंदर सिंह ने 100 मीटर, विशाल टी के ने 400 मीटर और तेजस्वी शंकर ने डेकाथलन में नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया है। शानदार प्रदर्शन के दम पर गुरिंदर सिंह, अनिमेष कुजूर, रवीना और सीमा सहित कुल 12 एथलीटों ने आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इसके साथ ही कई खिलाड़ियों ने नया मीट रिकॉर्ड भी बनाया है।

********समाप्त********